# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com

राहतगढ़ ✸ खुरई ✸ पथरिया ✸ सिलवानी ✸ गैरतगंज ✸ गंजबासौदा ✸ सिरोंज ✸ बीना ✸ शमशाबाद

भोपाल 03 जनवरी 2026


### कलेक्टर बोले- यातायात के नियमों का करें पालन, जिले में हुए कार्यक्रम

# देश में पहली बार नवाचार : सड़क सुरक्षा के तहत विशेष ग्राम सभाएं



**जागरण, सागर।** सड़क दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति का पूरा परिवार खत्म होने के बराबर होता है और आपकी एक गलती परिवार से दूर कर सकती है। यातायात के नियमों का पालन कर वाहन चलाएं।

यह विचार कलेक्टर संदीप जीआर ने नवाचार करते हुए देश में पहली बार सागर में सड़क सुरक्षा के विषय पर शुक्रवार को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के शुभारंभ अवसर पर बमोरी बीका ग्राम में व्यक्त किए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि सड़क पर चलते समय पूरे यातायात के नियमों का पालन करें। इस विशेष ग्राम सभा में केवल सड़क सुरक्षा के संबंध में आपसे बात कर रहा हूं। आप हेलमेट या सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं। शाम को 6 से 9 एवं रात में 2 से 5 के बीच गाड़ी चलाने से बचें। कलेक्टर ने समस्त सड़क निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण की पूर्व सभी जगह आवश्यक बैरिकेडिंग करें एवं संकेतक लगाएं जिससे कि कहीं भी दुर्घटना न हो। शासन की राहवीर योजना का प्रचार प्रसार करें जिससे दुर्घटना में घायल व्यक्ति का समय पर उपचार हो सके। घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को सम्मान राशि एवं प्रमाण पत्र मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने भी ग्रामसभा को संबोधित किया। संदीप जीआर ने बुंदेली भाषा में सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ भी दिलाई। सड़क सुरक्षा मित्र को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं विशेष ग्राम सभा में मौजूद ट्रैक्टर ट्राली टैंकर पर रेडियम की पट्टी भी लगाने का कार्य शुरू किया। निशुल्क हेलमेट का भी वितरण किया गया।

## हेलमेट से कभी न करें इंकार : आरटीओ

कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहगुनिया ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के अंतर्गत यह देश में पहली बार विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन सागर में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो परिवार से करें प्यार, हेलमेट से न करें, इंकार सभी हेलमेट लगाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय पहला घंटा गोल्डन ऑवर कहलाता है। इस गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाएं जिससे उसकी जान सुरक्षित हो सके।

## बचाव के दिए गए टिप्स

विशेष ग्राम सभा में डॉ.देवेश पटैरिया ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कैसे बचाया जा सकता है इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डॉ.पटैरिया ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए पहले शांत रहें और तुरंत एम्बुलेंस बुलाएं। रक्तस्राव होने पर चोट को साफ कपड़े से बांधे एवं खून बहने से रोकें। सुनिश्चित करें कि घायल सांस सुगमता से ले सके। अगर घायल सांस नहीं ले रहा तो उसे सीपीआर दें। इस हेतु प्रत्येक व्यक्ति को सीपीआर का प्रशिक्षण लेना चाहिए। अगर बेहोशी हो तो पानी या कोई पेय पदार्थ जबरदस्ती न पिलाएं। घायल को कम से कम हिलाएं और हड्डी टूटने की स्थिति में किसी सीधी टहनी और कपड़े से बांध कर सहारा दें। सड़क दुर्घटना में सिर और छाती की चोट बहुत गंभीर हो सकती है। यह ऐसी चोट होती है जो बाहर से दिखाई नहीं देती लेकिन ऐसी चोटों से आंतरिक अंगों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता और घायल की मृत्यु भी हो सकती है।



## जैसीनगर में यातायात नियमों के पालन की शपथ

**जैसीनगर।** नगर के बड़े महादेव मंदिर प्रांगण में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। श्रम विभाग की अधिकारी ज्योति पांडे, एसडीएम रोहित वर्मा, जनपद सीईओ श्रीराम सोनी, एसडीओ सचिन दुबे, सरपंच नंदलाल चढ़ार, सचिव नरेंद्र बचकैंया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता सबसे जरूरी है। ग्राम सभा के उपरांत गेहूंरास तिराहा पहुंचे जहां ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टियां लगाई गईं ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। वाहन चालकों से अपील की गई कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर ही सड़क पर निकलें।



जागरण, सागर। नए साल के दूसरे दिन की सुबह शहर घने कोहरे की आगोश में आ गया। सुबह 8 बजे तक भी धुंध के कारण वाहनों को धीमी गति से निकलना पड़ा तो मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को भी सतर्कता बरतनी पड़ी। कोहरा इतना अधिक था कि 50 मीटर दूर तक की विजिबिलिटी प्रभावित हो रही थी। धूप के तेवर भी पूरे दिन कम रहे। स्थानीय मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया तो रात का तापमान 12.9 डिग्री सैल्सियस रहा।

# पेयजल सप्लाई में नहीं हो कोई भी चूक आज साफ होंगी टंकियां : निगमायुक्त

**जागरण, सागर।** निगमायुक्त ने सीबेज ट्रीटमेंट प्लांट एंड नेटवर्क टीम, टाटा पेयजल सप्लाई टीम और सेनिटेशन टीम सहित नगर निगम के उक्त कार्यों से संबंधित इंजीनियर्स और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की चूक की आशंका न रहे। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है।

राजकुमार खत्री ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम अंतर्गत शहर में जितनी भी पेयजल सप्लाई पाईप लाइन, सीवर लाइन सहित अन्य प्रकार की पाईप लाइने बिछाई गई हैं उनकी सघन चौकिंग करें। पाइपलाइनों में किसी भी प्रकार का लीकेज या टूट-फूट पाया जाये तो तत्काल सुधार करें। पाईप लाइन सुधार के दौरान उक्त स्थल पर इंजिनियर आवश्यक रूप से उपस्थित होकर ही सुधार कार्य करायें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पुरानी पेयजल सप्लाई लाइन बंद कर दी गई है वहां नालियों में पड़े कनेक्शन लाइन हटवाएं। ऐसे सभी स्थल चिन्हित करें जहां टाटा पेयजल सप्लाई लाइन और सीवर लाइन एक दूसरे के बहुत नजदीक हैं। ऐसे स्थलों पर लाइनों की बारीकी से जांच करें और पाईप लाइनों की सब ओर से दुरुस्ती सुनिश्चित करें। शहर में अधिकांश हॉउस होल्ड सीवर कनेक्शन होने के बाद से लोगों के घरों का सीवेज सीवर लाइन नेटवर्क से होकर सीधे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचाकर ट्रीट किया जा रहा है। अधिकांश नालियों का जल बहाव समाप्त हो गया है। ऐसे में पेयजल सप्लाई के दौरान नालियों में बहाव देखने मिलता है। नालियों में पेयजल बहकर न पहुंचे इसके लिए समुचित प्रयास करें। पाईप लाइनों के लीकेज पूरी तरह सुधारें और समय समय पर सफाई व सुधार कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

नगर निगम की सेनिटेशन टीम शहर के विभिन्न विभागों, सार्वजनिक क्षेत्रों सहित घरों में बने पुराने सेप्टिक टैंकों की नियमित सफाई करने का प्रयास करें। सेनेटरी इंस्पेक्टर और टीम नागरिकों को जागरूक बनाने का कार्य करते हुए सेप्टिक टैंकों को पूर्ण वैज्ञानिक तरीके से मशीनों के माध्यम से सफाई कराने हेतु प्रेरित करें।

शहर में टाटा पेयजल सप्लाई प्रोजेक्ट लगभग पूर्ण होने के साथ अब ट्रायल रन के बाद कई क्षेत्रों में नवीन पाईपलाइन के माध्यम से घरों पर पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। आयुक्त खत्री के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर निगम जलप्रदाय विभाग के इंजीनियर, अधिकारियों ने टाटा पेयजल सप्लाई एवं सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के कर्मचारियों के साथ शनिचरी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में सर्वे किया। इस क्षेत्र में लगभग दो माह पहले पुरानी लाइन बंद कर दी गई है। पेयजल सप्लाई नई पाइपलाइन से की जा रही है। उक्त क्षेत्र में पाया गया की बहुत सी नालियों में पाईपलाइन कनेक्शन पुरानी लाइन के पड़े हैं जो कि बंद है। उक्त कनेक्शनों से संबंधित नागरिकों को सूचित किया गया है कि दो दिवस के अंदर अपने बंद पड़े हुए कनेक्शन नालियों में से निकाल लें अन्यथा नगर निगम द्वारा कनेक्शन पाईप को जब्त किया जायेगा।

निगमायुक्त के निर्देशानुसार शहर की समस्त पेयजल सप्लाई टंकियों की सफाई हेतु 3 जनवरी को राजघाट पेयजल सप्लाई बंद रहेगी। शनिवार को टंकियों की सफाई की जाएगी। 3 तारीख को होने वाली पेयजल सप्लाई 4 तारीख को और 4 तारीख की सप्लाई 5 तारीख को की जाएगी।

# बुंदेली भाषा में यातायात नियमों की दिलाई शपथ वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करें



**जागरण, मालथौन।** कलेक्टर सागर के आदेशानुसार नगर परिषद मालथौन में मुख्य बस स्टैंड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर वार्ड सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी तहसीलदार कमलेश सतनामी द्वारा बुंदली भाषा मे नागरिकों को यातायात नियमो के पालन करने की शपथ दिलाई। मौजूद प्रशासनिक दल राह चलते वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने की सलाह दी। कुछ दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर ,ट्रेक्टर ट्राली में रेडियम पट्टी लगाकर प्रेरित किया। नगर निरीक्षक थाना नवीन जैन , मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभुशंकर खरे द्वारा समस्त आम नागरिकों एवं वाहन चालकों के साथ नागरिकों से अनुरोध किया गया कि यातायात नियमों का पालन करे हमेशा हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट बांधकर , वाहनों पर नंबर प्लेट अवश्य लगाए। वाहनों का उचित रखरखाव हमेशा करना सुनिश्चित करें। वाहनों को निर्धारित गति में चलाया जाना सुनिश्चित करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। शराब ,नशे में वाहन न चलाये। अभिभावक नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं दें।

## प्रशासन ने वाहनों में लगाईं रेडियम पट्टी



**जागरण, राहतगढ़।** जिला कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी रोहित वर्मा के मार्गदर्शन में तहसीलदार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी निर्मलसिंह राठौर द्वारा राहतगढ़ में सर्दी और घने कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की सम्भावना को रोकने हेतु ट्रक बस ऑटो ट्रेक्टर मोटर साइकिल सहित निजी और सरकारी वाहनों में आगे और पीछे रेडियम लगवाया गया और वाहन चालकों से मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधकर चलाये जाने हेतु प्रेरित किया गया। तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निर्मलसिंह राठौर ने बताया कि सर्दी और भारी कोहरे होने के कारण सड़क दुर्घटनाएं तथा जनहित की घटनाएं रात और सुबह के समय कम दृश्यता हेडलाइट की चमक तेजगति एवं भारी वाहनों के स्पष्ट ना देखने के कारण घटित होती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी प्रकार के वाहनों के आगे एवं पीछे रेडियम चिपकवाया गया। वाहनों पर रेडियम होने से उसकी रोशनी रात में दूरी से दिखाई देते हैं जिससे आमने सामने टक्कर की संभावना कम होती है। वहीं चालक को दिशा एवं दूरी का अनुमान बेहतर मिलता है तथा दुर्घटना के जोखिम पर कमी आती है।

# कारनामा : दो साल पहले रिटायर्ड हुए कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

## ग्राम सभाओं में स्थानांतरित और निलंबितों का भी आदेश जारी

**जागरण, मालथौन।** जनपद पंचायत मालथौन के सीईओ न जाने किस तरह की कार्यशैली अपनाए हुए हैं जिसे देखकर लगता है कि उन्हें अपने अधीनस्थ स्टाफ और अमले की ही जानकारी नहीं हैं। ऐसे अधिकारी आखिर अपना काम कितनी जिम्मेदारी से करते होंगे। कारनामा यह कि ग्रामसभाओं में ऐसे लोगों की ड्यूटी लगाकर आदेश जारी कर दिया जो दो साल पहले ही रिटायर्ड हो चुके हैं।

जिले की जनपद पंचायत मालथौन में अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में रिटायर्ड और स्थान छोड़कर दूसरी जगह चले गए



उनकी भी जनपद सीईओ ने ड्यूटी लगा दी। जिसका आदेश सामने भी आया है। किस तरह सीईओ साहब बिना जांचे परखे आदेश आंख मूंदकर जारी कर देते हैं। 2 जनवरी गुरुवार को आयोजित ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण ग्राम सभाओं में दो साल पहले रिटायर्ड हो चुके चार अधिकारी/कर्मचारी की ड्यटी लगाने का मामला सामने आया है। यहां तक कि स्थांतरित हो चुके कर्मचारियों की इन ग्राम सभाओं में ड्यूटी करने का आदेश जारी कर दिया। कृषि विभाग में पदस्थ रहे सेवानिवृत्त चंद्रशेखर पटेल ग्राम विस्तार अधिकारी, सेवानिवृत्त जीसी कुशवाहा ग्राम विस्तार अधिकारी, सेवानिवृत्त उपयंत्री अजित जैन जनपद पंचायत मालथौन और पटवारी रामनारायण यादव का पातीखेड़ा से स्थांतरण हो चुका हैं लेकिन जहां उनकी ड्यूटी लगा दी गई। वहीं लापरवाही यही नहीं थमी, सचिव उजागर सिंह राजपूत का छह माह पहले स्थांतरण दूसरी जनपद पंचायत में हो चुका हैं और वे निलंबित चल रहे हैं। इसी तरह निलंबित सचिव प्रभात कुमार शुक्ला की गुसाईं बरोदिया में ड्यूटी लगा दी। जाहिर है कि सीईओ की कार्यशैली पर चर्चाएं तो होंगी ही। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को नोटिस देने वाले इन सीईओ को वरिष्ठ अधिकारी कब नोटिस जारी करते हैं, यह देखना बाकी है।

## यातायात नियमों के पालन का संदेश

**जागरण, खुरई।** जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों के तहत नगर पालिका परिषद के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज चौरसिया, नपा अध्यक्ष नन्नी बाई अहिरवार सहित प्रतिनिधियों, पार्षदों तथा नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थित रहे।

## पेयजल सप्लाई में कोई भी चूक न हो : खत्री


**जागरण, सागर।** निगमायुक्त ने सीबेज ट्रीटमेंट प्लांट एंड नेटवर्क टीम, टाटा पेयजल सप्लाई टीम और सेनिटेशन टीम सहित नगर निगम के उक्त कार्यों से संबंधित इंजीनियर्स और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की चूक की आशंका न रहे। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। राजकुमार खत्री ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम अंतर्गत शहर में जितनी भी पेयजल सप्लाई पाईप लाइन, सीवर लाइन सहित अन्य प्रकार की पाईप लाइने बिछाई गई हैं उनकी सघन चौकिंग करें। पाइपलाइनों में किसी भी प्रकार का लीकेज या टूट-फूट पाया जाये तो तत्काल सुधार करें। पाईप लाइन सुधार के दौरान इंजीनियर उपस्थित होकर ही सुधार कार्य करायें।


**खुलासा** | रहली पुलिस थाना क्षेत्र में हुए कत्ल का पर्दाफाश, तीन आरोपियों में दो गिरफ्तार

# शराब लाने से मना करने पर की थी पल्लेदार की हत्या

**जागरण, सागर।** करीब एक सप्ताह पहले रहली थाना के चांदपुर बस स्टैंड पर मृत मिले युवक के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जान-पहचान वाले तीन आरोपियों ने पल्लेदार की मारपीट करते हुए हत्या की थी। वजह यह थी कि मृतक ने कलारी से शराब लाने से इंकार दिया था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि बीते 27 दिसंबर को थाना रहली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चांदपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध मृत्यु हुई थी और उसका शव बस स्टैंड पर मिला था। फरियादी दीनदयाल अहिरवार ने बताया था कि एक दिन पहले सुबह उनका बेटा अनिल चांदपुर निवासी वीरेंद्र जैन के यहां



पल्लेदारी करने गया था। रात्रि तक वापस न लौटने पर अनिल की पत्नी रोशनी अहिरवार जब फोन लगाया तो उसने बताया कि पल्लेदारी का हिसाब चल रहा है, वह बाद में घर आएगा। अगले दिन वह मृत हालत में चांदपुर बस स्टैंड पर मिला था। उक्त रिपोर्ट पर थाना रहली में अपराध क्रमांक 791/25, धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रत्यक्षदर्शी एवं साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए जिनसे यह तथ्य सामने आया कि 26-27 दिसंबर की दरम्यानी रात अंशुमान कुर्मी, परसू काछी पटेल निवासीगण जमनापुर परासिया एवं हल्ले यादव निवासी सलैया द्वारा शराब लाने के विवाद पर अनिल अहिरवार के साथ मारपीट की गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। शुक्रवार को आरोपी अंशुमान कुर्मी, परसू काछी पटेल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों के मेमोरण्डम कथन में अपराध स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय सागर में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का अन्य आरोपी हल्ले यादव भी दस्तयाब कर लिया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रहली उनि सुनील शर्मा, प्रआर विनोद विश्वकर्मा, अमित चौबे, जय रैकवार, राहुल कुसमरिया, आर जितेन्द्र प्यासी, सुनील दुबे, मआर कल्पना का प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की पतारसी में विषेश योगदान रहा। थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि घटना रात्रि को तीनों आरोपियों के साथ अनिल ने शराब पी थी। जमकर शराब पीने के बाद आरोपियों ने मृतक से कहा कि वह कलारी से और शराब खरीदकर लाए। जब उसने मना किया तो इन लोगों ने पत्थर आदि से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। गंभीर चोटों के कारण अनिल की मौत हो गई।


**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विवाह अधिकारी, जिला-सागर म0प्र0**

प्रकरण क्रमांक /2025-26

**विज्ञप्ति**

चूंकि, विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए (वर) श्री शुभम वाल्मीकी पिता श्री अनिल कुमार वाल्मीकी उम्र-26 वर्ष निवासी शंकरगढ मकरोनिया सागर थाना मकरोनिया तहसील व जिला सागर (म0प्र0) एवं (वधू) श्रीमति रिया सेन पुत्री स्व0 श्री रामकुमार सेन उम्र 23 वर्ष निवासी गोपेश्वर वार्ड मकरोनिया सागर थाना मकरोनिया तहसील व जिला सागर (म0प्र0) द्वारा स्वयं के विवाह दिनांक 17/12/2025 जो स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी सागर तहसील व जिला सागर (म0प्र0) से होना लेख किया है जिसके संबंध में मध्यप्रदेश हिन्दू विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 के उपनियम (*) के अधीन आवेदन जिसकी प्रति संलग्न है) अधोहस्ताक्षरी को आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख 28/01/2026 नियत की गई है। आपको एतद द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से दिनांक 28/01/2026 के तक अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टियों की सत्यता स्वीकार करते है और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 (1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दू विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ति है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होती तो यह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नही है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख 28/01/2026 को उपस्थित हो सकते हैं और ऐसा न करने पर कारवाइयां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वहीन होगी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सागर म.प्र.**

## न्यूज कार्नर

### वंशवर्ती समाज की बैठक संपन्न



**दमोह।** ग्राम सिमरीजालम सिंह में वंशवर्ती समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वरिष्ठजनों, नवयुवकों ने मिलकर एक दूसरे को बधाई दी एवं मंदिर निर्माण को लेकर विशेष चर्चा की। इस अवसर पर लटोरी लाल, रंगनाथ मासाब, हुकुम गौर, भगवत वंशवर्ती, उत्तम बनवार, बल्लू दादा, मन्नू, खुमान, जीवन, निजाम, प्रभु मासाब, सांगा वाले, अर्जुन, गनेश मुडारी, परसोती देवक, पप्पू, रतिराम की उपस्थिति रही।

### राशन विक्रेता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** जिले के समस्त राशन विक्रेता संघ द्वारा जिला कलेक्टर एवं खाद्य विभाग अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें दमोह जिले के समस्त ब्लाकों में राशन दुकानों से आम जनता को राशन वितरण खाद्य सामग्री दी जाती है। विगत चार माह से लगातार राशन दुकानों से खाद्य सामग्री का वितरण आम जनता को किया जा रहा है, परंतु आज दिनांक तक राशन दुकानदारों को राशन वितरण का कमीशन मेहनताना अभी तक नहीं किया गया। जिससे समस्त राशन दुकानदार परेशान हो रहे। दुकानों का संचालन कैसे करें। दुकान चलाने में लगने वाले समस्त खर्च कहां से लाये। शासन द्वारा समय पर मासिक कमीशन नहीं दिया जाता जिससे दुकान चलाने में समस्या होती है। पिछले चार माह का कमीशन भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। कमीशन न करने पर माह जनवरी 2026 का राशन वितरण राशन दुकानदार नहीं करेंगे। इसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### नववर्ष पर हुए कार्यक्रम

**नोहटा।** नववर्ष पर पुलिस थाना नोहटा प्रांगण में हनुमान मंदिर एवं शनि दरबार में 24 घंटे का हरे रामा हरे कृष्णा कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें नोहटा थाना प्रभारी श्री पटेल के मार्गदर्शन में, सब इंस्पेक्टर माधव प्रसाद राय, सूरज सिंह मुंशी मौजूद रहे।

# सोमनाथ शिवलिंग के दिव्य अंशों के हटा में दर्शन

## आज पहुंचेगी भारत यात्रा, सामूहिक रुद्र पूजा के साथ भजन और सत्संग होगा

**जागरण हटा।** देशभर में शिवभक्ति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश फैलाती सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा अब अपने अगले पड़ाव के रूप में आज 3 जनवरी को हटा नगर पहुंचेगी। यह ऐतिहासिक यात्रा 12 राज्यों और लगभग 140 शहरों से होकर गुजर रही है, जिससे हर स्थान पर श्रद्धा और आस्था का वातावरण निर्मित हो रहा है। आज 3 जनवरी को नगर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है जिससे हटा में धार्मिक उल्लास का माहौल बनेगा। हटा में आज 3 जनवरी को सुबह 9 बजे से ब्लॉक ऑफिस के सामने बालाजी कंस्ट्रक्शन ग्राउंड में रुद्राभिषेक एवं सामूहिक रुद्र पूजा का आयोजन किया जाएगा एवं सभी भक्तजन दिव्य ज्योतिर्लिंग दर्शन 11 बजे से 3 बजे तक कर सकेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक आशुतोष सुहाने वरिष्ठ स्वयंसेवक राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, गौरव सिंघई, बंटी सुहाने, भगवान दास पटेल, अनिल कुशवाहा सहित आर्ट ऑफ लिविंग के सभी स्वयं सेवकों ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य शिवभक्ति, सांस्कृतिक जागरण और आध्यात्मिक ऊर्जा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। उन्होंने नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर इस दिव्य अवसर का लाभ लेने की अपील की है।



### मंडी प्रांगण स्थित गोदाम से गल्ला व्यापारी के 40-50 बोरा सोयाबीन चोरी

**हटा।** हटा में मंडी प्रांगण स्थित एक गोदाम से गल्ला व्यापारी का 40-50 बोरा सोयाबीन चोरी होने की शिकायत हटा पुलिस थाना में की गई है। गल्ला व्यापारी श्रीराम बजाज ने लिखित शिकायत हटा पुलिस थाना में दी है कि उनकी आढ़त के पास सीसी रोड बनने के कारण उन्होने भावांतर योजना का सोयाबीन खरीदकर मंडी प्रांगण स्थित गोदाम में रखा था। शुक्रवार को सुबह जब गोदाम खोली तो बोरे गायब मिले, हटा पुलिस थाना पहुंचकर आवेदन दिया है। साथ ही कृषि उपज मंडी समिति के सचिव को भी सूचना दी है। साथ ही गल्ला ब्यापारी ने पुलिस को संदेही की जानकारी भी दी है। टीआई सुधीर बेगी का कहना है कि शिकायत मिली है, जांच कर उपयुक्त कार्यवाही करेंगे।

# रनेह मार्ग पर बन रही जगह कम छोड़ने से लग रहा जाम



**जागरण हटा।** दमोह नाका से पन्ना नाका तक सीसी सड़क निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा आमजन की सुविधाओं का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमर्जी से कहीं भी सड़क बंद कर दी जाती है जिससे दूसरे ओर जाने के लिए राहगीरों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

सड़क निर्माण के दौरान खचना नाका तिराहा से रनेह मार्ग जाने के लिए तिराहा पर एक वाहन निकलने की ही जगह छोड़ी गई है जबकि रनेह, नवोदय वार्ड के आमजन सबसे ज्यादा इसी सड़क का उपयोग करते हैं। जगह कम होने की स्थिति में मोड़ पर बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। कुछ राहगीर जल्दबाजी के चक्कर में गिरकर घायल हो रहे हैं, इससे बढ़कर पानी भराव हो जाने से फिसलन की स्थिति निर्मित हो रही है। शुक्रवार को हाट बाजार का दिन होने से शाम पांच बजे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया जिसमें विधायक एवं 108 वाहन भी जाम में फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुला तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# पाइप लाइन शिफ्टिंग पर संशय की स्थिति अधिकारियों ने बैठक में तैयार की रूपरेखा

**जागरण हटा।** कलेक्टर सुधीर कोचर के विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक के साथ मंगलवार को आयोजित हुई बैठक उपरांत कलेक्टर के निर्देश पर एमपीआरडीसी, एमपीयूडीसी और नगर पालिका हटा के अधिकारियों ने फोर लाइन निर्माण में पाइप लाइन शिफ्टिंग, पोल शिफ्टिंग और डिवाइडर आदि के बारे में शुक्रवार को हटा पहुंचकर बिंदुवार कर चर्चा कर रूपरेखा बनाई। जिसमें सामूहिक तौर पर शहर में फोर लाइन सड़क निर्माण को लेकर शहर के मास्टर प्लान पर चर्चा की गई। जिसमें हटा से विधायक के निज सचिव इंजीनियर एवं तकनीकी स्टाफ तथा अधिकारियों की उपास्थिति में प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय हुआ कि सड़क की चौड़ाई कम नहीं की जाए। कंक्रीट सड़क की चौड़ाई सेंटर से 9-9 मीटर दोनों ओर रखी जाए। पेयजल की राइजिंग और डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन नाली के साइड से बाहर तरफ शिफ्ट की जाए और पाइप लाइन के चैंबर का निर्माण नाली के बाहर किया जाए। नगर पालिका सेविस लाइन भी बनाएगी। सड़क से केवी लाइन शिफ्ट कराई जाए एवं सड़क के बीच में डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाकर



उसमें ग्रिल लगाई जाए। उसमें 9-9 मीटर पर हाई मास्क स्ट्रेट लाइट लगाई जाए। इन विषयों पर विधायक कार्यालय की ओर से इंजीनियर आवेश बड़गैंया ने तकनीकी बिंदुओं को पुख्ता तरीके से रखा। नपा उपयंत्री जाकिर रंगरेज और दीपक श्रीवास्तव ने जल प्रदाय के समुचित संचालन के लिए नगरपालिका का पक्ष रखते हुए पाइप लाइन सीसी रोड के बाहर ही रखने का पुरजोर समर्थन किया। सभी पक्षों से चर्चा एवं स्पॉट भ्रमण कर अधिकारियों ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत करने की बात कही। इस दौरान एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक नितिन बर्बे, सहायक प्रबंधक सुनील कालरा, एमपीयूडीसी के प्रोजेक्ट इंजीनियर पीडी तिवारी, सीएमओ राजेन्द्र खरे, विधायक प्रतिनिधि जितेंद प्यासी, नपा से धर्मेंद्र साहू, कुलदीप पटेल आदि उपस्थित रहे।

### विकास कार्य शुरू

**हटा।** हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने नए साल की शुरुआत विकास कार्यों के भूमि पूजन करके की। गुरुवार सुबह जल्दी उठकर श्रीमती खटीक ने दैनिक क्रियाओं से निवृत होकर सबसे पहले माता चंडी जी, मां गायत्री के दर्शन कर पूजन अर्चन कर क्षेत्र की बेहतरी की कामना की, फिर ग्राम पंचायत बलेह पहुंचकर सिद्धेश्वर धाम में करीब 80 लाख के भूमिपूजन सामुदायिक भवन, सीसी, पुलिया इत्यादि विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

# 5 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ आयोजित

**दमोह।** अंग्रेजी नए वर्ष के उपलक्ष्य में जुझार गांव के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा 5 घंटे का श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्गा चालीसा प्रारंभ और समापन के अवसर पर दो-दो मिनट के मां एवं गुरुवार के जयकारे अंजलि सेन, आरती सेन ने लगाए। इस अवसर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। टीम प्रमुख हल्ले सेन ने कहा हम बदलेंगे जग बदलेगा सबसे पहले हमें स्वयं के जीवन में



परिवर्तन लाना होगा तभी हम दूसरों के जीवन में परिवर्तन लाकर एक सकारात्मक दिशा धारा ला सकते है और नए साल पर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा जगह-जगह आरती एवं 24 घंटे 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न किया गया। मुन्ना सेन कहा कि हमें घर-घर क्यों न जाना पड़े लोगों को समझाकर उनके घरों में आरती चालीसा पाठ करके लोगों को नशा मुक्त बनाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। इस दौरान घनश्याम प्रसाद असाटी, मुन्ना सेन, मयूर असाटी, लटोरी सिंह लोधी, अंशु असाटी, चतुर प्रजापति, शुभम असाटी, कड़ोरी सेन, लक्ष्मी प्रसाद असाटी, परम विश्वकर्मा, हेमेंद्र असाटी उपस्थित थे।

### महेश 11 विजयी

**दमोह।** स्वामी विवेकानंद सेवा विकास एव उत्थान समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का मुकाबला महेश 11 एवं सिंह वाहिनी बांदकपुर के बीच खेला गया, जिसमें रमेश 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 120 रनों का लक्ष्य रखा जिसे लक्ष्य का पीछा करते हुए सिंहवाहिनी निर्धारित ओवर में 70 रन ही बना सकी और 50 रनों से महेश 11 विजय रही। ऑलराउंडर विशाल ने 40 रन और दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। मुख्य अतिथि मधुकर स्वर्णकार, डॉ. अली असगर, कपिल खरे, संजय सरवरिया, समिति अध्यक्ष शैलेंद्र परिहार उपस्थित रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं IKHLAQ KHAN S/O SUBEDAR KHAN सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम एवं मेरी जन्मतिथि 22.05.1956 एवं मेरा नाम IKHLAQUE KHAN पिता का नाम SOUBADAR मेरी पत्नी का नाम RAISA BEGUM एवं मेरे पति का नाम SUBEDAR KHAN है। जबकि मेरे समस्त दस्तावेज में मेरा नाम IKHLAQ KHAN पिता का नाम SUBEDAR KHAN एवं पत्नि का नाम RAISHA BEGUM एवं जन्मतिथि 01.07.1952 है। जो कि सही है व सत्य है आज से यही जाना जाये।

**नूरी नगर बजरिया वार्ड नं. 8 दमोह**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं RAISHA BEGUM W/O IKHLAQ KHAN सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम एवं मेरी जन्मतिथि 21.05.1966 एवं मेरा नाम RAISA BEGAM पिता का नाम HAJI GULAM RASOOL माता का नाम HASNAT BEE एवं मेरे पति का नाम IKHLAQUE KHAN है। जबकि मेरे समस्त दस्तावेज में मेरा नाम RAISHA BEGUM पिता का नाम GULAAM RASOOL KHAN एवं पति का नाम IKHLAQ KHAN एवं जन्मतिथि 22.05.1956 है। जो कि सही है व सत्य है आज से यही जाना जाये।

**नूरी नगर बजरिया वार्ड नं. 8 दमोह**


# गरिमामयी ढंग से मनाई राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल जयंती

**बीना जागरण।** गुरूवार को राष्ट्रीय कवि श्रीकृष्ण सरल की जयंती बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाई गई। सर्वोदय भवन में मनाई गई जयंती में प्रदीप शर्मा उज्जैन, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य सुनीता गुप्ता, मोना सुस्तानी राजगढ़, रश्मिकांत शाह अमेरिका एवं ओमप्रकाश झा आगरा सहित समिति अध्यक्ष मुरारी गोस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भारत माता एवं श्रीकृष्ण सरल के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्व प्रथम सीताराम चौरसिया एवं विवेक जयसवाल ने राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान तृप्ति पाठक, सुभाष पटैरिया, आदित्य सोनी, तान्या पाठक, दुर्गम्या चौरसिया, सुभाष, युग चंदेल, अनुग्रह मिश्रा, हार्दिक रिछारिया, आदित्य नामदेव, आराध्या नामदेव, निवेदिता रावत, हार्दिक रावत, अर्जुन गौर, हिमांशु नामदेव, रितिका तिवारी, दिया नामदेव, रिया नामदेव, रूद्रांक्षी माथुर, सरिशा नामदेव, तान्या पाठक, राजाअर्जुन सिंह, राजा गौर ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। अतिथियों द्वारा मातृभूमि सेवा संस्थान का क्रांतिकारी कैलेण्डर एवं महाभारत में



फिर श्रीकृष्ण पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में मोना सुस्तानी ने राष्ट्रकवि श्री कृष्ण सरल को एक महान साहित्यकार और संघर्षशील क्रांतिकारी कवि बताया। प्रदीप शर्मा ने सरल के अनेकों संस्मरण सुनाएं। लक्ष्मीकांत ने अपनी माटी को याद करते हुए माटी पर कविता सुनाईं। विवेक जायसवाल ने बताया सरल विश्व के महान साहित्यकारों में से एक थे। 16 महाकाव्य का सृजन कर उन्होंने अनूठा कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन राम शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुकेश राय, बिट्टू उदय आचवल, रोहित तिवारी, छोटाबाबू राय, इरफान खान, गोपी नामदेव, दशरथलाल पुरोहित, बृजमोहन शास्त्री, देवेंद्र तिवारी, हरी शर्मा, अजीत ठाकुर, एलएन दुबे, राजेंद्र उपाध्याय, संजीव जैन, शिवकुमार चौबे, राजकुमार पाराशर, दशरथ लोधी, महेंद्र अभागा, राधेश्याम जोशी, शशिनंदन रावत, गोविंद तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, जितेंद्र बोहरे, संतोष कुशवाहा, रिया व्यास, घनश्याम पटेरिया, राजेश सोनी सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे।

# डीआरएम ने स्टेशन व रेलखंड का किया निरीक्षण

**बीना जागरण।** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने रानी कमलापति से बीना रेलखंड तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेल संरक्षा एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, लेवल क्रॉसिंग एवं अन्य सुरक्षा संबंधी अवसंरचनाओं का बारीकी से अवलोकन किया। बीना रेलवे स्टेशन पहुंचने पर डीआरएम त्यागी ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।




उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया की स्वच्छता, बुकिंग कार्यालय, पे-एंड-यूज शौचालय, पेयजल व्यवस्था, प्लेटफॉर्म पर खानपान स्टॉल, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों की कार्यशीलता सहित स्टेशन परिसर की समग्र व्यवस्थाओं की जांच की। यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने लोको पायलट एवं गार्ड की संयुक्त क्रू लॉबी का भी निरीक्षण किया और रनिंग स्टाफ की कार्यस्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से सीधा संवाद कर ट्रेन संचालन से जुड़ी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीआरएम ने बीना स्टेशन यार्ड रिमॉडलिंग कार्य का भी विस्तृत निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 156 रन बनाकर दमोह ने विल्धव को 32 रनों से हराया

**बीना जागरण।** पं.स्व. राकेश सीरोठिया की स्मृति में खिमलासा रोड स्थित राज वाटिका में बीना टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के दसवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी नीतेश पटेल, थाना प्रथारी अनूप यादव उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा पं.स्व.राकेश सीरोठिया के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर मैच का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को खेला गया पहला मैच पटवारी क्रिकेट क्लब दमोह एवं विल्धव के बीच खेला गया। दमोह ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 156 रनों का लक्ष्य रखा। जिसके जबाव में विल्धव 32 रनों पर ही सिमट गई। दूसरा मैच खुरई एवं महरौनी के बीच खेला गया जिसमें खुरई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 102 रन बनायें। जिसके जबाव में महरौनी मात्र 78 रन ही बना सकी। तीसरा मैच दूसरे राउण्ड का पटवारी दमोह एवं मंडीबामौरा के बीच हुआ, जिसमें मंडीबामौरा ने पहले बल्लेबाजी की और दस ओवरों में 39 रन बनाये। जबाव में दमोह ने चार ओवरों में लक्ष्य पूरा करते हुये जीत हांसिल की। मैन ऑफ द मैच कुलदीप ने हांसिल किया जिन्होनें पांच विकेट प्राप्त किये। चौथा मैच दमोह एवं केसीसी खुरई के बीच खेला गया जिसमें खुरई ने 48 रन बनाये। जिसमें दमोह ने पांच ओवर में ही मैच जीत लिया। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से तहसीलदार डॉ.अंबर पंथी, सीएमओ राहुल कौरव, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, एई विद्युत मंडल बीएस तोमर, नीरज मालवीय विद्युत विभाग सहित अधिकारी उपस्थित रहे। राजेश शर्मा एवं महेन्द्र यादव ने ऐंमपायर की भूमिका निभाई। कामेंटर के रूप में अकरम अली, अनिल शर्मा ने कामेंट्री की वहीं स्कोरर रोहित चढ़ार, नीतेश वर्मा एवं राघव लिटौरिया रहे। शनिवार को मिक्स 11 जबलपुर, संजय 11, दीप 11 शाहगढ़, विक्टर 11 एवं रफ्तार 11 होशंगाबाद के बीच होंगे।



# महिला यात्रियों के पर्स एवं आभूषण चुराने वाली महिला गिरफ्तार

**बीना जागरण।** रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी थाना बीना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ट्रेन में महिला यात्रियों के पर्स से सोने के आभूषण चोरी करने वाली एक शातिर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 3 लाख 75 हजार मूल्य का सोने का हार बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल राहुल कुमार लोधी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के मार्गदर्शन में थाना जीआरपी बीना द्वारा यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक बी.बी.एम. परिहार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई। घटना 5 दिसंबर 2025 की है, जब फरियादिया आशा राजौरिया निवासी मंडीबामोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ट्रेन 61631 भोपाल-बीना मेमू से बीना आ रही थीं। ट्रेन से उतरते समय अज्ञात महिला ने उनके पर्स से सोने का हार चोरी कर लिया, जिसका वजन करीब 35 ग्राम था और कीमत लगभग 3.75 लाख बताई गई। मामले में अपराध क्रमांक 698/25 धारा 305 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान 30 दिसंबर 2025 को आरोपी महिला को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना परिवर्तित नाम सुमन मछुआरी आयु 25 वर्ष निवासी महाराष्ट्र हाल निवासी रोहतक हरियाणा बताया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया सोने का हार बरामद कर लिया गया। जीआरपी बीना द्वारा लगातार रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में




अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान की सतर्कता से निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जीआरपी को दें। इस कार्रवाई में निरीक्षक बी.बी.एम. परिहार, उप निरीक्षक दीपक राठौर, आरक्षक सतीश मिश्रा, आरक्षक पवन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

### शराब पीने रुपए नहीं देने पर की मारपीट

**बीना जागरण।** भानगढ़ थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खजुरिया निवासी एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। जिससे उसे चोटें आई हैं।

भानगढ़ पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी राहुल यादव आयु 33 वर्ष पिता कप्तान यादव निवासी ग्राम खजुरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 31 दिसंबर की रात अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में उसे ग्राम ढ़ाड निवासी कैलाश अहिरवार एवं अमित अहिरवार मिले। जो शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे। जब फरियादी ने रूपये देने से इंकार किया तो वह उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने फरियादी राहुल यादव के साथ मारपीट कर दी। भानगढ़ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसडीएम को पार्षद ने सौंपा अनुमति पत्र

**बीना जागरण।** मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति बावत एवं जानकारी हेतु नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक ने एसडीएम विजय डेहरिया को अनुमति पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि पार्षद ने 31 दिसंबर को रिफायनरी से संबेधित मांगों को लेकर तहसीलदार बीना को ज्ञापन पत्र सौंपा था। चार मांगों को लेकर उनके द्वारा 5 जनवरी सोमवार को बीना रिफायनरी गेट नं. 1 के पास जनहितैषी मांगों को पूर्ण कराने हेतु शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से किया जायेगा। जिसकी जानकारी एसडीएम बीना, स्थानीय पुलिस थाना एवं बीपीसीएल को दी गई है। अनुमति पत्र के माध्यम से उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।



पत्र में कहा गया है कि बीपीसीएल रिफायनरी के 5 किमी में नो डेवलपमेंट जोन से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाये। बीना रिफायनरी में एवं उसमें कार्यरत कंपनियों के द्वारा स्थानीय बेरोजगारों की अनदेखी पर रोक एवं रोजगार में स्थानीयों को प्राथमिकता दी जावे। बीना रिफायनरी में कार्यरत कंपनियों के कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन कराया जाये। बीना रिफायनरी की सीएसआर की राशि में नगर विकास एवं युवाओं के लिये प्रशिक्षण केन्द्र एवं कॉलेज का निर्माण किया जाये।

### सट्टा खिलाते एक आरोपी गिरफ्तार

**बीना जागरण।** सट्टा पर्ची के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरूवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रभात टॉकीज के पास एक व्यक्ति सट्टा पर्ची पर हारजीत का दांव लगा रहा है। मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने दबिश दी तो एक व्यक्ति कागज की पर्ची पर अंक लिखकर रूपये पैसों का दांव लगा रहा था। जिसे पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मनोज सेन आयु 37 वर्ष पिता राजाराम सेन निवासी शिव वार्ड बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से पुलिस ने अंक लिखी सट्टा पर्ची, एक पेन, 460 रूपये नगद जप्त किये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# पति की हत्या के बाद पत्नी बनी उप चुनाव में सरपंच

**बीना जागरण।** जनपद क्षेत्र की देवल ग्राम पंचायत में हुए पंचायत उपचुनाव में मानवीय संवेदना और एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिली। पूर्व सरपंच लाखन सिंह यादव की हत्या के बाद हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी वर्षा यादव ने भारी मतों से जीत दर्ज की, लेकिन ग्रामीणों ने इस जीत का जश्न मनाने के बजाय दिवंगत सरपंच को श्रद्धांजलि अर्पित कर गांव की परंपरा और संस्कारों का परिचय दिया। गौरतलब है कि देवल ग्राम पंचायत के सरपंच लाखन सिंह यादव की 4 सितंबर 2025 को हत्या कर दी गई थी। बीना से गांव लौटते समय भानगढ़ रोड पर एक अज्ञात वाहन द्वारा कुचल दिए जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई थी। बाद में पंचायत उपचुनाव की घोषणा होने पर उनकी पत्नी वर्षा यादव ने चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया। शुक्रवार को हुई मतगणना में वर्षा यादव को 667 मत प्राप्त हुए और उन्होंने



स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल की। तहसीलदार डॉ.अंबर पंथी ने बताया कि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी लखनलाल तिवारी को 257 तथा बेटी बाई को 230 मत मिले। चुनाव परिणाम आने के बाद देवल गांव में माहौल भावुक रहा। जीत की खुशी में न तो पटाखे फोड़े गए और न ही कोई जुलूस निकाला गया। ग्रामीण सीधे नवनिर्वाचित सरपंच वर्षा यादव के घर पहुंचे और वहां दिवंगत सरपंच लाखन सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कई ग्रामीणों की आंखें नम नजर आईं। ग्रामीणों का कहना था कि यह जीत सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे गांव की एकजुटता और न्याय की भावना की जीत है। देवल पंचायत में जिस तरह से संवेदनशीलता और मर्यादा के साथ चुनाव परिणाम को स्वीकार किया गया, वह समाज के लिए एक प्रेरणादायी संदेश है।

## न्यूज कार्नर

### जन्मदिन पार्टी मना कर लौट रहे युवक की ऑटो पलटने से मौत

**जागरण, गंजबासौदा।** बीती रात्रि देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरंगा चौक के पास एक यात्री ई-रिक्शा पलट जाने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है कि मृतक युवक अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी से वापस लौट रहा था, इसी बीच यह हादसा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रजौदा निवासी 18 वर्षीय राजकुमार अहिरवार अपने दोस्त गोलू अजय और मनीष के साथ अपना जन्मदिन मना कर वापस लौट रहा था। इसी बीच वह अपना ऑटो तेज गति से चला रहा था और सड़क पर लहराते हुए चलते समय उसका ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक राजकुमार के सिर एवं मुंह में गंभीर चोटे लग गई, उसे दोस्त घायल अवस्था में जन चिकित्सालय लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी घटना की जानकारी मिलने पर देहात थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोस्तों से बयान आदि दर्ज किया। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामला जांच में लिया।

### कथा का हुआ समापन

**जागरण, गंजबासौदा।** ग्राम बरेठ के बड़ी माता मंदिर पर चल रही सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को समापन किया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल में एक यज्ञशाला बनाई गई। मंत्रोच्चार के साथ सभी श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की भावना को लेकर आहुतियां छोड़ीं। कथा समापन पर कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर महाराज ने अपने प्रवचन दिए। महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का अवतार पृथ्वी लोक पर तब हुआ था, जब अधर्म बढ़ गया था। भगवान ने अधर्म का नाश कर धर्म को विजय दिलाई थी।

वाटर ट्रीटमेंट के कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश

# नपा अध्यक्ष ने किया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण, सख्ती बढ़ाई



**जागरण, गंजबासौदा।**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के बाद घटित हुई घटना को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने शुक्रवार को बेतवा नदी के किनारे स्थित नौलखी घाट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी बाहरी व्यक्ति प्लांट के अंदर ना आए, इसके लिए मुख्य द्वार पर विशेष रूप से निगरानी की जाए। साथ ही, जो पानी हम शहर में लोगों को पीने के लिए भेज रहे हैं, वह गुणवत्तापूर्ण रहे। इस बात का भी विषय ध्यान रखा जाए। साथ ही जिन स्थानों पर पाइपलाइन के पॉइंट चेक करने के लिए बनाए गए हैं, उन्हें नियमित रूप से देखा जाए। किसी भी स्थान पर यदि कोई पाइप लाइन लीक हो रही है तो उसकी मरम्मत भी समय रहते की जाए, ताकि हम शहर में साफ स्वच्छ पानी वितरित कर सकें। नपाध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव के द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा को भी देखा एवं उनके सुचारू रूप से मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका ने पहले ही वाटर प्लांट पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए थे, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर छह कर्मचारी कार्यरत है, जो अलग-अलग समय चरणबद्ध तरीके से अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। लगभग शहर की सभी टंकियां की सफाई की जा चुकी है। नगर पालिका वर्ष में दो बार 6-6 महीनों में इन टंकियां की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाती है, जिसमें पानी की टंकियां में जमी हुई सिल्ट को भी हटाकर उनकी पुताई की जाती है।



### कर्मचारियों को दी जाएगी लाइफ जैकेट

निरीक्षण के दौरान वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था कोई भी देखा गया। जिस पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा अपनी नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर कार्य करने वाले कर्मचारियों को लाइव जैकेट पहनकर ही कार्यस्थल पर जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर उपयंत्री मोहिनी कोरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, इंजीनियर सुनील शर्मा, वरुणेंद्र चौबे, मुन्ना महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नए साल की सौगातः सिविल अस्पताल को मिला स्त्री रोग विशेषज्ञ

### विधायक के प्रयासों से डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान ने शुरू की सेवाएं

**जागरण, गंजबासौदा।**

नए वर्ष की शुरुआत गंजबासौदा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात लेकर आई है। स्थानीय शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ की स्थापना के बाद अब स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं को और भी मजबूती मिली है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी के विशेष प्रयासों और अनुशंसा से शुक्रवार से अस्पताल को विधिवत रूप से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान, (सर्जन) की सेवाएं मिलना प्रारंभ हो गईं हैं। डॉ. चौहान ने रीवा मेडिकल कॉलेज से स्त्री रोग में एमएस (सर्जन) की डिग्री प्राप्त करने के बाद शुक्रवार से सिविल अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। अब तक सिविल अस्पताल में महिला चिकित्सक के रूप में डॉ. लीना शर्मा पदस्थ थीं। डॉ. चौहान की पदस्थापना से महिला रोगियों को गर्भावस्था, प्रसूति एवं जटिल स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध होने से मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता भी कम होंगी। अब हृदय रोग विशेषज्ञ की भी मांग क्षेत्र वासियों द्वारा लगातार की जा रही है। विधायक रघुवंशी शासन स्तर पर लगातार पत्राचार कर शासकीय अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं उम्मीद है इस वर्ष से हृदय रोग विशेषज्ञ की भी सेवाएं भी मिलना प्रारंभ हो जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से इससे पहले भी गंजबासौदा को हड्डी रोग विशेषज्ञ की सुविधा मिलना प्रारंभ हो गई हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी, जो वर्तमान में विदिशा मेडिकल कॉलेज में पदस्थ हैं, प्रत्येक बुधवार को सिविल अस्पताल गंजबासौदा पहुंचकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। डॉ चौहान ने शुक्रवार को बीएमओ डॉ. प्रवीण तिवारी एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. रविंद्र चिडार की मौजूदगी में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ ने उनका स्वागत किया।



### डॉ चौहान ग्रामीण अंचलों में दे चुके हैं सेवाएं

डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान वर्ष 2018 से 2022 तक कुल्हार एवं त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके बाद स्त्री रोग में एमएस के लिए चयन होने पर वे रीवा मेडिकल कॉलेज गए थे। डिग्री पूर्ण करने के बाद अब उनकी सेवाएं गंजबासौदा नगर को मिलना शुरू हो गई हैं।स्थानीय नागरिकों और मरीजों का कहना है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन की उपलब्धता से अब महिलाओं को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। समय पर जांच, सुरक्षित प्रसव और जटिल सर्जरी जैसी सुविधाएं अब गंजबासौदा में ही उपलब्ध होंगी।

# अधूरे पड़े रोड से रोज हो रहे सडक हादसे,रात के अंधेरे में तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार

**जागरण, गंजबासौदा।**

शहर में मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत किए जा रहे कार्य नागरिकों के लिए सिर दर्द बनते जा रहे हैं। कंस्ट्रक्शन कर रही कंपनी के कर्मचारी अपने मन मुताबिक कार्य करने से प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है बीते 1 महीने की यदि हम बात करें तो बरेठ रोड पर आधा दर्जन से अधिक सड़क हादसे घटित हो चुके हैं। जिसमें वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसके अलावा मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत कराये जा रहे सड़क चौड़ीकरण से जगह-जगह पानी की मुख्य लाइन में क्षतिग्रस्त हो रही, लेकिन अभी तक नगरीय प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जिसकी कीमत स्थानीय नागरिक चुका रहे हैं।



### 200 मीटर में चार जगह खुदी सड़क

बरेठ रोड पर जिन स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य छोड़ दिया था, अब उन्हें बनाने की तैयारी की जा रही है लेकिन कंट्रक्शन कर रही कंपनी द्वारा नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में नहीं रखा जा रहा, जिसके कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं बरेठ रोड भावसार पुलिया पर सड़क की खुदाई 25 दिसंबर को कर दी गई थी लेकिन 10 दिन बाद भी उसे सड़क मार्ग में कोई कार्य नहीं किया गया जिसके कारण अब वाहन दुर्घटनाएं होने लगी है



बीती रात्रि एक चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 04 वाय यू 9032 इस खुदी हुई सड़क मैं जा गिरी। जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया इस हादसे में गाड़ी के अंदर सुरक्षा के लिए लगाए जाने वाले सभी एयर बैग भी खुल गए, हालांकि किसी भी व्यक्ति को इसमें गंभीर चोट नहीं आई। बरेठ रोड पर इन दोनों बढ़ते सड़क हादसों के कारण स्थानीय दुकानदारों में भी रोष व्याप्त है।

# कूजा पंचायत के सरपंच बने आरिफ खान

**जागरण, सिरोंज।** ग्राम पंचायत कूजा के उपनिर्वाचन के तहत शुक्रवार को तहसील कार्यालय में सरपंच पद के लिऐ मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हुई। मिली जानकारी ग्राम पंचायत कूजा के सरपंच पद के लिए दो मतदान केन्द्रों पर ईवीएम मशीन में डले वोटो की गणना हुई। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार संजय चौरसिया व नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल की मौजूदगी में मतगणना पर्यवेक्षक व गणना सहायक द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 207 व 208 में डले वोटो की गणना की गई। जिसमें 947 वोटों में से 451 वोट आरिफ खान और 355 वोट आकिब खान व 137 वोट शिवराज सिंह लोधी व नोटा को 4 मत प्राप्त हुए। जिस पर आरिफ खान को 96 मत से विजयी घोषित कर निर्वाचन अधिकारी संजय चौरसिया ने प्रमाण पत्र सौंपा गया। साथ ही तहसील प्रांगण में पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रहा। आरिफ खान के विजयी घोषित होने पर बाहर समर्थकों ने माला पहनाकर नव निर्वाचित सरपंच आरिफ खान का स्वागत कर शुभकामनाऐं दी गई। इस दौरान मों खालिद गौरी, हरनाम सिंह लोधी, सुभान गौरी आदि समर्थ मौजूद रहे।




### चोरी का माल बरामद, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जागरण, शिवपुरी।** कोलारस थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गया माल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिलेभर में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी कोलारस संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोलारस पुलिस ने यह कार्रवाई की। फरियादी विवेक खटीक (28 वर्ष), निवासी कोलारस ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के तलघर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ट्रैक्टर की लाल रंग की बैटरी एवं दो पीतल की परात, कुल कीमत लगभग 12 हजार रुपये, चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना पर एबी रोड कोलारस स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से आरोपी राहुल तिवारी (23 वर्ष), निवासी गोपालपुर, हाल करोंदी कॉलोनी शिवपुरी, को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से दो पीतल के थाल बरामद किए गए। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी गब्बरसिंह गुर्जर, उप निरीक्षक अमृतलाल भिलाला, प्रधान आरक्षक नरेश यादव (142), रघुवीर सिंह (15), सुधीर सिंह (782), उदय सिंह तोमर (228) एवं आरक्षक पुष्पेन्द्र रावत (88) की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

### शिवपुरी पुलिस ने लौटाए 150 गुम-चोरी मोबाइल

# नए साल पर 28 लाख के फोन वापस मालिकों को मिले

**जागरण, शिवपुरी।** नववर्ष के अवसर पर पुलिस ने आमजन को बड़ी सौगात दी है। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में शिवपुरी पुलिस ने करीब 28 लाख रुपये मूल्य के 150 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को वापस लौटाए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले मौजूद रहे।

शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस ने साइबर सेल की मदद से ट्रेस किए गए गुम और चोरी हुए मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में दिव्या अग्रवाल नामक महिला को भी उनका मोबाइल लौटाया गया। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले शहर में उनका मोबाइल गुम हो गया था, जिसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। मोबाइल वापस मिलने पर उन्होंने पुलिस की तत्परता की प्रशंसा की। इसी तरह मनोज कुमार दीक्षित का मोबाइल होली के समय गुम हो गया था। नववर्ष के मौके पर पुलिस ने उनका मोबाइल भी लौटाया। मनोज ने कहा कि उन्हें भरोसा नहीं था कि महीनों बाद उनका फोन वापस मिलेगा। वहीं अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने शिवपुरी पुलिस और साइबर टीम की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन वापस मिल पाएगा। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि साइबर टीम लगातार गुम और चोरी हुए मोबाइलों की ट्रेसिंग कर रही है।



उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष करीब एक करोड़ रुपए मूल्य के 700 मोबाइल मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए गए थे। एसपी राठौड़ ने बताया कि नए साल की शुरुआत में ही 28 लाख रुपए मूल्य के 150 मोबाइल बरामद कर लौटाए गए हैं। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल गुम या चोरी हो जाए तो वे तुरंत नजदीकी थाना या साइबर शाखा में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई कर मोबाइल वापस दिलाने में मदद मिल सके।

### नए साल की पहली रात दुकानों में चोरी मिर्ची बाजार से 31 हजार नगदी ले उड़े चोर



**जागरण, शिवपुरी।** नए साल की पहली रात शिवपुरी शहर में चोरों ने मिर्ची बाजार क्षेत्र में दो दुकानों को निशाना बनाया। अज्ञात चोर दोनों दुकानों से करीब 31 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। वारदात की जानकारी दुकानदारों को गुरुवार सुबह दुकान खोलने पर लगी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के 14 नंबर कोठी, मिर्ची बाजार की है। चोरों ने सबसे पहले भरत कुमार बंसल की किराना दुकान के ताले शब्बल से तोड़े और गल्ले में रखे करीब 30 हजार रुपए नकद निकाल लिए। इसके बाद पास ही स्थित वंश अग्रवाल की अग्रवाल मसाला चक्की में घुसकर चोरों ने वहां से एक हजार रुपए चुरा लिए।

दुकानदारों के अनुसार रात में दुकानें बंद कर वे घर चले गए थे। गुरुवार सुबह जब दुकानें खोलीं तो ताले टूटे मिले और सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें तीन संदिग्ध चोर नजर आए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान करने और उनकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## महानआर्यमन सिंधिया के स्वागत को लेकर रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित

**जागरण, कोलारस।** कोलारस रेस्ट हाउस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक जिसमें मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष युवराज महानआर्यमन सिंधिया आगामी 5 जनवरी सुबह 11 बजे कोलारस आयेंगे।जिसको लेकर रेस्ट हाउस पर बैठक आयोजित की गई।जिसमें सुरक्षा व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के उपरांत राई रोड कॉलेज ग्राउंड पहुंचकर स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट स्थल का निरीक्षण किया और मैदान सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान युवराज महा आर्यमन सिंधिया युवाओं से सीधा संवाद करेंगे और खेल प्रेमी युवाओं से मुलाकात कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी करेंगे। रेस्ट हाउस में हुई बैठक में कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे, मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाह, अनिल जैन, पवन शिवहरे, रूद्राक्ष गोलू गौड़, नवल सिंह सोलंकी, जगदीश जादौन, पुष्पेंद्र आकाश चौहान, बलबीर निवारिया, डॉ उमा चरण धाकड़, राम सडेया, विपिन शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# कोलारस में एनएच-26 पर कार-बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत

### हाईवे जाम के चलते सर्विस लाइन से गुजर रहे थे वाहन, एक गंभीर घायल

**जागरण, शिवपुरी।** कोलारस थाना क्षेत्र में एनएच-46 पर गुरुवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना ओवरब्रिज के नीचे सर्विस लाइन और भड़ौता रोड की क्रॉसिंग पर हुई।



जानकारी के अनुसार, बेरसिया निवासी प्रहलाद आदिवासी और मोहर सिंह बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सर्विस लाइन से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रहलाद आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई। मोहर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कोलारस स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यह हादसा हाईवे पर बने जाम के हालातों के चलते हुआ। बुधवार रात भड़ौता ओवरब्रिज पर एक बस और ट्रक की भिड़ंत के बाद सड़क की खराब स्थिति और लगातार जाम के कारण कई छोटे वाहन हाईवे के नीचे की सर्विस लाइन का उपयोग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही कोलारस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### सेन समाज शिवपुरी का सामूहिक विवाह सम्मेलन तय, बैठक में बनी रूपरेखा

**जागरण, शिवपुरी।** सेन समाज शिवपुरी द्वारा गुरुवार को तात्या टोपे पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी सेन समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी, साथ ही पंजीयन प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक तैयारियां भी जल्द शुरू की जाएंगी। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को सामाजिक एकता, सहयोग और आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से समाज में समरसता बढ़ती है और विवाह जैसे पवित्र संस्कार को सरल एवं सम्मानजनक स्वरूप मिलता है। सर्वसम्मति से सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संरक्षक के रूप में सुरेश सेन (नरैयाखेड़ी वाले), संयोजक अशोक सेन (बछौरा वाले), अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार सेन (बी.के.) बीलारा वाले, महामंत्री कैलाश सेन महते वाले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन सेन बड़ा कुआं, उपाध्यक्ष राजू सेन टेशन वाले, कोषाध्यक्ष रिंकू सेन लश्करी, उप कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सेन मेहमदपुर वाले, संगठन मंत्री दौलतराम सेन ठागोसा वाले, सचिव सत्यप्रकाश सेन लाला बड़ा कुआं एवं उप सचिव नरेंद्र सेन बछौरा वाले को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## राज्य शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**जागरण, सीहोर।** राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन शुक्रवार को विधायक सुदेश राय द्वारा किया। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा जिले की विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, जिसमें प्रमुख रूप से उच्च माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश एवं समयमान वेतनमान के आदेश आज दिनांक तक जारी नहीं किए गए हैं।



## मंडी में 32 हजार 878 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** शुक्रवार को अनाज मंडी 32 हजार 878 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 17 हजार 346 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1600 रुपए से लेकर 3833 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4011 से 5394 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 5700 से 7200 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 2631 से 5501 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेहू 2000 से 3260 के भाव रहा और करीब 928 किसानों ने अपने अनाज का विक्रय किया।

## न्यूज कार्नर

### ई-टोकन व्यवस्था से खाद मिलना हुआ आसान

**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा खाद वितरण में पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में विदिशा जिले की समितियों में खाद भंडारण सुचारु रूप से जारी है। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जोगी किर्रोदा में खाद लेने आए कृषक से ई.टोकन व्यवस्था के संबंध में संवाद किया एवं उक्त व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु कृषकों के विचार प्राप्त किए। कृषकों द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जारी खाद वितरण की ई.टोकन की पहल को काफी सराहा जा रहा है। किसानों को पूर्व में होने वाली असुविधाओंए लंबी कतारों एवं स्टॉक की कमी से निजात प्राप्त हुई है एवं खाद मिलने में सुविधा हुई है।

### समीक्षा बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर, कमिश्नर कांफ्रेंस में दिए गए निर्देशों के प्रभावी पालन एवं प्रस्तुत किए जाने वाले प्रतिवेदन की पूर्व तैयारी की समीक्षा हेतु जिला प्रशासन द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक शनिवार तीन जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय स्थित बेतवा सभाकक्ष में संपन्न होगी। बैठक में कलेक्टर, कमिश्नर कांफ्रेंस से संबंधित बिंदुओं पर विभागवार प्रगति, लंबित प्रकरणों की स्थिति, समय.सीमा में पूर्ण किए जाने वाले कार्यों तथा तैयार किए गए पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जाएंगे ताकि कॉन्फ्रेंस में जिले की स्थिति सुस्पष्ट एवं संतोषजनक रूप से प्रस्तुत की जा सके। सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने.अपने विभागों से संबंधित अद्यतन जानकारी एवं अभिलेखों के साथ निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### निर्देश: जहां भी आबा धरती शिविर हों वहां विद्युत आपूर्ति बनी रहे

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने अपने चेंबर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान तहत विदिशा जिले में आयोजित शिविरों में क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ग्राम स्तर पर आयोजित इन शिविरों में सहरिया जनजातीय समुदाय के परिवारों को चिन्हित योजनाओं के लाभ के साथ-साथ पात्रता पर्ची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यों में गंभीरता से कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा है कि जिन ग्रामों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं वहां किसी भी प्रकार से कोई समस्या उत्पन्न ना हो खासकर उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में शिविर आयोजित हो रहे हैं वहां विद्युत आपूर्ति सतत बनी रहे ताकि आधार, समग्र और आयुष्मान कार्ड इत्यादि कार्यों में व्यवधान उत्पन्न ना हो पाए। अपर कलेक्टर डामोर ने बैठक के दौरान ग्राम बार आयोजित शिविरों में बनाए गए आधार कार्डए आयुष्मान कार्डए समग्र आईडी सहित अन्य कार्यों की ग्राम वार समीक्षा की। उन्होंने शेष रह गए सहरिया जनजातीय परिवार के हितग्राही जिनके आधार कार्ड या आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उन्हें समय सीमा में शिविरों के माध्यम से लाभ दिलाये जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## महानगरों में बन रही कालोनियों की सूचियां, हो रही एफआईआर की तैयारी

# अवैध कॉलोनियां काटने सुरक्षित माना जा रहा विदिशा अन्य शहरों के लोग भी यहां आकर जमाने लगे पांव


जागरण विदिशा

अवैध कॉलोनियों को रोकने के लिए प्रदेश सरकार वर्षों से प्रयासरत रही है। सख्त कानून बनाए जाते रहे और अब नए नियमों में अवैध कॉलोनी काटने पर कालोनाइजर को सजा का प्रावधान सात वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष किया गया है तो वहीं जुर्माना भी 10 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ की राशि की तैयारी है। अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई न करने पर जिम्मेदार अधिकारी को भी सहभागी माना गया है। इस सभी तरह की सख्ती के बाद भी विदिशा में अवैध कॉलाजाइजरों में कोई खोफ दिखाई नहीं दे रहा है। किसी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई सामने नहीं आने पर अब अन्य नगरों के लोग भी विदिशा को अवैध का ॅलोनी विकसित करने के लिए सुरक्षित मानते हुए इस शहर की ओर रुख करने लगे हैं। वहीं स्थानीय प्रभावशाली लोग पहले से ही बिना किसी सख्त कानून के कालोनियों को विकसित करते आ रहे हैं।

मालूम हो कि कॉलोनियों के लिए वर्षों से कृषि भूमि की खरीदी होती आई है। सस्ते दामों में यह भूमि खरीद ली जाती और फिर मुरम की या एक-दो सीसी सड़क बनाकर कॉलोनी का नाम दे दिया जा रहा है और तमाम तरह की सुविधाएं देने का वादा कर महंगे दामों पर प्लाट बेंच दिए जाते हैं। बाद में रहवासी सड़क, बिजली, पानी, पार्क आदि बुनियादी सुविधाओं से जूझते रहते हैं। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान वर्षों से समय-समय पर इस तरह की समस्याएं लेकर रहवासी प्रशासन के पास पहुंचते आए हैं और यह क्रम रुका नहीं है। इसके बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई किसी कालोनाइजर या कॉलोनी पर नहीं हो पाई है। इन सभी स्थितियों को देखते हुए अब अन्य नगरों के कॉलोनाइजर भी विदिशा को अवैध कॉलोनियों के लिए सुरक्षित मानते हुए इस नगर में आने लगे हैं वहीं अच्छी कमाई का व्यवसाय मानते हुए स्थानीय प्रभावशाली लोग भी वर्षों से इस व्यवसाय में सक्रिय बने हुए है और राजनीतिक व सत्ता संगठन के लोगों द्वारा भी अवैध कॉलोनियों को रोकने सरकार की मंशा को जहां अनदेखा किया जाने से प्रशासन भी सरकार की इस मंशा को अधिक गंभीरता से नहीं ले रहा फलस्वरूप अवैध कॉलोनियों को लेकर विदिशा में वर्षों बाद भी किसी कॉलोनी पर कोई प्रभावी कार्रवाई होना सामने नहीं आया है।

### कई नगरों व महानगरों में बना हुआ दबाव

मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में तीन दिन पूर्व भोपाल में 113 अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार की जा चुकी। वहीं कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं नहीं पाए जाने पर ऐसी कॉलोनियों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं जबलपुर में भी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। यहां पिछले दो माह पूर्व 98 अवैध कॉलोनियों को कार्रवाई के लिए चिन्हित किया जा चुका है। इसी तरह अन्य नगर व महानगरों में भी अवैध कॉलोनियों के निर्माण को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। जानकारों के मुताबिक मध्यप्रदेश में अवैध कॉलोनियों की संख्या 10 हजार तक पहुंच चुकी है और प्रदेश सरकार 2022 तक बनी अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया कर रही जबकि अब तक इन कॉलोनियों की संख्या और भी अधिक बढ़ चुकी है। बताते हैं कि नए प्रस्तावित अधिनियम में सरकार अवैध कॉलोनियों की जमीन भी जब्त करने का भी प्रावधान कर रही है।



### विदिशा में 100 से अधिक अवैध कॉलोनियां

कॉलोनियों के इस व्यवसाय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक विदिशा की स्थिति देखें तो यहां 100 से अधिक अवैध कॉलोनियां है। करीब एक -डेढ़ वर्ष पूर्व इन अवैध कॉलोनियों पर कसावट शुरू हुई थी, लेकिन एक-दो कॉलोनी की दीवार के कुछ हिस्से तोड़कर, किसी का गेट तोड़कर तो किसी की सड़क का हिस्सा उखाड़कर कार्रवाई की औपचारिकताएं हुईं। इस दौरान 100 से अधिक कॉलोनियों को नोटिस भी जारी हुए थे, लेकिन कितने नोटिसों के जबाव आए, और क्या कार्रवाई हुई यह सामने नहीं आ पाया। अवैध कॉलोनियों का यह फैलाव रुक नहीं रहा है। शहर में बेरोकटोक कॉलोनियों का निर्माण कार्य जारी है और जिले में किसी तरह की प्रभावी कार्रवाई न होने से अन्य शहरों के लोग भी अब विदिशा को कॉलोनी निर्माण में सुरक्षित मानने लगे हैं और विदिशा में कुछ बाहर से आए लोग भी कॉलोनी निर्माण में सक्रिय हो चुके हैं। जानकारों का कहना है कि एक्ट में यह प्रावधान है कि अवैध कॉलोनी की सूचना पर 15 दिन में कार्रवाई न होने पर जिम्मेदार अधिकारी भी सहभागी माने जाएंगे, लेकिन प्रभावी कार्रवाई के अभाव में यहां कॉलोनाइजर व अधिकारी सभी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### जनसुनवाई में पहुंचती रहीं हैं शिकायतें

इन अवैध कॉलोनियों के रहवासी सस्ते प्लाट के फेर में अब खुद को ठगा महसूस करने लगे हैं। उन्हें बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंची जहां एक कॉलोनी के रहवासियों की शिकायत थी कि झूठे वादे कर उन्हें प्लॉट बेचे गए, लेकिन बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई। इनका कहना रहा कि प्लॉट खरीदते समय उन्हें सड़क, बिजली, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कॉलोनी में न तो पक्की सड़कें बनी हैं, न स्ट्रीट लाइट लगी हैं और न ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है। इनका कहना था कि वे कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन न तो सुविधाएं मिलीं और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। इस तरह तमाम कॉलोनियों की शिकायतें समय-समय पर जिला प्रशासन के पास पहुंचती रही लेकिन जिले भर कोई असरदार कार्रवाई अवैध कॉलोनियों के खिलाफ होना सामने नहीं आया है।

# शहर में 56वां कनारा क्रिकेट टूर्नामेंट 4 जनवरी से

## विभिन्न राज्यों की 12 टीमें होंगी शामिल, 15 जनवरी को होगा समापन

जागरण विदिशा

प्रतिष्ठित 56वीं कनारा ट्रॉफी का भव्य आयोजन 4 जनवरी से शुरू होने जा रहा है, जो 15 जनवरी तक चलेगा। इस वर्ष टूर्नामेंट में देश भर की 12 नामचीन टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो इंडियन नेवी, फैथ क्लब भोपाल, नागपुर, मेरठ, प्रयागराज, भोपाल लेपर्ड्स, एसएस क्लब दिल्ली, फरीदाबाद, गुजरात, उदयपुर, चंडीगढ़, कनारा विदिशा है जिसके चलते दर्शकों को रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। टी20 मैच इस बार लीग फॉर्मेट में खेले जाएंगे। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट का स्तर और भी भव्य होगा। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए लाखों रुपये के इनाम रखे गए हैं।




टूर्नामेंट सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि मैदान में आने वाले दर्शकों के लिए भी बेहद खास होगा। मैच देखने आने वाले दर्शकों को आईपीएल के टिकट जीतने का मौका मिलेगा। इसके अलावा कई अन्य आकर्षक उपहार भी दर्शकों को दिए जाएंगे।

आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं और इस क्रिकेट महाकुंभ का आनंद लें। इस दौरान कनारा क्लब के संदीप डोंगर सिंह, राजेश वर्मा, क्लब सचिव नागेन्द्र लोधी, राजेश सोनी एवं क्लब के अन्य सदस्य पदधिकारी मौजूद रहे। मालूम हो कि कनारा क्लब का यह लगातार 56वां टूर्नामेंट जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से नामी क्रिकेट खिलाड़ी शामिल होते हैं।

### विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता को मिलेंगे 1 लाख

टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं उपविजेता पुरस्काररू फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 1 एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। व्यक्तिगत पुरस्काररूमैन ऑफद मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर जैसे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

# अभियान: अब जन सहयोग से कुपोषण मुक्त होगा विदिशा

जागरण विदिशा

सामुदायिक जन भागीदारी से 1272 गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उक्त अभियान 30 जून 2025 से प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में 1235 कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण की जा चुकी है जिसमें 850 से अधिक बच्चों का सामान्य श्रेणी में सुधार हुआ है। कुपोषण मुक्त विदिशा हेतु कलेक्टर अंशुल गुप्ता की नवीन पहल एवं नवाचार पोषण संजीवनी अभियान विदिशा एनआरसी में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसबा द्वारा कुपोषित बच्चों को किट वितरण किया गया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के मार्गदर्शन में जिले में 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण से लड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पोषण संजीवनी अभियान कुपोषण मुक्त विदिशा शुरू किया गया है गंभीर कुपोषण से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। उक्त कार्यक्रम में जन सहयोग के माध्यम से अति कुपोषित बच्चों के लिए पोषण किट तैयार करवाया गया है बिना जन सहयोग एवं जन जागरूकता के पोषण से लड़ना आसान नहीं है इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजसेवी जन प्रतिनिधि शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग लेते हुए बच्चों के लिए पोषण किट तैयार किया गया है। पोषण किट में कुपोषित बच्चों को तीन माह तक की पोषण सामाग्री प्रदाय की जाती है जिसमें मूंगफली, मिश्रित सत्तू, बेसन, चावल, मूंग दाल, गुड, तेल, चना, सोयाबीन बढ़ी एवं घी इत्यादि शामिल हैं।

# आरओ वॉटर सप्लायर्स से पानी के लिये नमूने, जांच की जाएगी



जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में संचालित आर ओ वाटर प्लांट का निरीक्षण किया जा रहा है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शेरपुर स्थित शान्ति जलधारा तथा श्रीराम वाटर सप्लायर का निरीक्षण किया तथा उक्त दोनों वाटर सप्लायर से पानी के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए है। तथा सांची रोड स्थित एक चाय की दुकान का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ गुड, मसाला चाय के नमूने एकत्रित किए गए। उक्त नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। इसी प्रकार 30 दिसंबर 2025 को भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बैस नगर स्थित मां घंटियाली पैकेज ड्रिंकिंग वाटर का निरीक्षण किया तथा पैकेज ड्रिंकिंग वाटर ब्रांड आइकन के दो नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं।

# रेल क्षेत्र की सड़कों का कायाकल्प जल्द

जागरण इटारसी

जर्जर सड़कों से परेशान नागरिकों और रेल कर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत और रेल अधिकारियों के निरीक्षण के बाद रेलवे ने घोषणा की है कि अगले 20 दिनों के भीतर स्टेशन से ठंडी पुलिया और बारह बंगला क्षेत्र तक सड़क निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। जेडआरयूसीसी सदस्य ने एडीईएन और आईओडब्ल्यू के साथ डीजल शेड, कलमेशरा और भीलाखेड़ी मार्ग का निरीक्षण किया। सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं, जिसे देखते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। भिलाखेड़ी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले रेल अंडर ब्रिज पर भी सड़क बनाने का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजने की बात कही गई। इस पहल से हजारों रहवासियों को समस्या से निजात की उम्मीद है।

# शहीद वीर सिंह सप्रे की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

जागरण कुरवाई

नए साल के अवसर पर कुरवाई के शासकीय कॉलेज ग्राउंड पर लगातार दूसरे वर्ष शहीद स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे की स्मृति में विधानसभा स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी और विशेष अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, वरिष्ठ समाजसेवी पंचम लाल सप्रे तथा अनुविभागीय अधिकारी मनीष जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे की पत्नी रेखा सप्रे ने की। जबकि संचालन टूर्नामेंट आयोजक संदीप सप्रे ने किया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने शहीद वीर सिंह सप्रे के जीवन और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। शहीद की वीरता और देशभक्ति को याद करते हुए अतिथियों ने उनके योगदान को नमन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों ने टॉस कराकर मैचों का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट आयोजक संदीप सप्रे ने बताया कि यह विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता है, जिसमें केवल कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की टीमें ही भाग ले सकती हैं। टूर्नामेंट अध्यक्ष जतिन सप्रे ने पुरस्कारों की जानकारी देते हुए कहा कि विजेता टीम को 61 हजार रुपये नकद सहित ट्राफी उपविजेता को 31 हजार रुपये नकद सहित ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज विजेता को साइकिल और अन्य खिलाड़ियों के लिए कई आकर्षक इनाम रखे गए हैं। यह आयोजन शहीद वीर सिंह सप्रे की स्मृति को जीवंत रखने और युवाओं में खेल भावना जगाने का एक सराहनीय प्रयास है। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।




## विदिशा में कांग्रेस के बूथ चलो गांव चलो अभियान का किया स्वागत

# मनरेगा योजना का नाम बदलने पर पटवारी ने साधा निशाना

जागरण विदिशा

शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस का बूथ चलो गांव चलो अभियान का शुभारंभ जिले की ठर्र पंचायत से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवशी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया गया। पटवारी का कार्यकर्ताओं ने अग्रवाल एकेडमी स्कूल के समक्ष जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का स्वागत किया। इस के उपरांत गाड़ियों के काफिले के साथ प्रदेश अध्यक्ष ग्राम ठर्रा में किसान मजदूर चौपाल में शामिल हुए।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा की भाजपा की मोदी सरकार भगवान राम के नाम पर मनरेगा योजना का नाम बदलकर उसे खत्म करने का प्रयास कर रही है, जिसमें विदिशा से सांसद और देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान देश के गरीब मजदूर वर्ग के लोगों के पेट पर लात मारने का प्रयास कर रहे हैं। पटवारी ने कहा की शिवराज सिंह ने जो मनरेगा योजना का नाम बदलकर श्री रामजी योजना किया गया है उसका स्वरूप भी बदल दिया। जिसमें 40 प्रतिशत राशि प्रदेश सरकार का अंश रहेगा। शेष 60 प्रतिशत अंश केन्द्र सरकार का रहेगा और भविष्य में कोई प्रदेश सरकार इस योजना का 40 प्रतिशत अंश नहीं दे पाती तो यह योजना स्वतः समाप्त हो जाएगी। जबकि कॉंग्रेस की मनमोहन सरकार ने यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब मजदूर को अपने गांव मे रोजगार मिल सके उस उद्देश्य से मनरेगा योजना लागू की थी। श्री पटवारी ने कहा की भाजपा भगवान राम के नाम का राजनीतिकरण करने में लगी है।




पटवारी ने ग्राम अहमदपूर कस्बा में आयोजित पंचायत में किसानो से सीधे रुबरु होकर उनकी समस्याएं जानी और कहा की कृषि मंत्री बोलते नहीं थक रहे की किसान उनका भगवान है लेकिन विदिशा का किसान उनके राज में सर्वाधिक परेशान है। पटवारी ने कहा कि खेत तक रोड पोहचे और गांव में युवाओ को रोजगार मिले इसके लिए कॉंग्रेस को देश और प्रदेश में वापिस लाना होगा। इसी दौरान उन्होंने इंदौर में 15 लोग मर गए और जब पत्रकार सबाल करते है तो प्रदेश सरकार के मंत्री पत्रकारों के जवाब में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं प्रदेश में गुंडागर्दी सारी सीमाएं लांग चुकी है पत्रकारों को पीटा जा रहा है।

इस अवसर पर प्रभु सिंह ठाकुर, निशंक जैन, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, मनोज कपूर, रणधीर सिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह रघुवंशी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि साहू, उमराव सिंह कुशवाह, सुरेन्द्र सिंह दांगी सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय का जलाया पुतला

विदिशा। प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने को लेकर युवा कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस घटना की निंदा करते हुए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के मंत्री द्वारा एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ इस तरह की भाषा का प्रयोग न केवल पत्रकारिता की गरिमा पर हमला है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान भी है। भाजपा सरकार में सच बोलने वालों की आवाज़ दबाने की कोशिश लगातार की जा रही है। युवा कांग्रेस ऐसे तानाशाही रवैये को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि मंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई, तो युवा कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी। पत्रकारों के सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए युवा कांग्रेस हमेशा संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी, वैभव भारद्वाज, अर्पित उपाध्याय, युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुमित पाल, गोलू शर्मा सहित अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता उपस्थित किया।

# नए वर्ष में विधायक टंडन ने की प्रथम जनसुनवाई, सुनी समस्याएं




जागरण विदिशा

शुक्रवार को ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन गुलाबगंज में आयोजित विधायक मुकेश टंडन द्वारा नए वर्ष की प्रथम जनसुनवाई की गई एवं आए हुए समस्त अधिकारियों और ग्रामीणों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके पाश्चात्य आए आवेदनों का मौके पर ही निराकरण विधायक द्वारा किया गया।

साथ ही कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर निराकरण कर आवेदकों को बीपीएल का आदेश तुरंत ही विधायक के द्वारा दिया गया। जनसुनवाई के दौरान 15 आवेदकों द्वारा समस्या विधायक के सामने रखी गई। आवेदनों को उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र जैन, तहसीलदार पलक पीडीहा, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसडीओ प्रताप ठाकुर एवं अन्य समस्त विभाग के अधिकारियो ने विधायक मुकेश टंडन के निर्देश पर मौके पर समस्या को हल करने का प्रयास किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग, राकेश कटारे, जनपद सदस्य जगदीश दांगी, सचिन यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष रामराज दांगी, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।